कभी तो सत्य के राह पे चलना

कभी तो सत्य के राह पे चलना,
कभी तो राह भटकना,
तेरा क्या हाल हुआ है ?
कभी संकटों से घबराना,
कभी उसे अपनाना,
तेरा क्या हाल हुआ है ?

सत्य की खोज करके,
झूठ को तू नर छोड़ दे ।
अज्ञान दूर करके,
अपने को प्रभु से जोड़ दे ।।
अभी समय है ज्ञान को पा ले,
नहीं अन्त पछताना,
तेरा क्या हाल हुआ है ?
कभी....

प्रभु का भजन करले,
दुःख तेरा दूर हो जाएगा ।
गीता का ज्ञान करले,
अंधकार दूर हो जाएगा ।।
अभी समय है प्रभु को सुमिर ले,
नहीं नरक में जाना,
तेरा क्या हाल हुआ है ?
कभी....

धन और दौलत तेरा,
सब तो यहीं रह जाएगा ।
अन्त समय में अपनी,
मूर्खता पे तू पछताएगा ।।
कान्त सदा तुम ज्ञान को समझो,
नहीं करो मनमाना,
तेरा क्या हाल हुआ है ?
कभी....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34924/title/kabhi-to-satya-ke-rah-pe-chalna

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |